दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 163 मुरादाबाद 08 October 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पूर्व सैनिक की पत्नी ने पीएम मोदी को उपहार में दीं तीन किताबें, इनमें एक विभाजन के अनुभवों पर आधारित



प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि उमा जी ने मुझे उनके दिवंगत पति द्वारा लिखी गई 3 पुस्तकों की प्रतियां दीं। उनमें से दो गीता से जुड़ी हैं और तीसरी ब्लड एंड टियर्स शीर्षक से विभाजन और उसका कर्नल (सेवानिवृत्त) के जीवन पर प्रभाव पर आधारित है। सेना के एक पूर्व सैनिक की पत्नी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने दिवंगत पति द्वारा लिखी गई तीन किताबें पीएम मोदी को भेंट कीं। इन किताबों में से एक विभाजन के बारे में उनके अनुभवों पर आधारित है। पीएम मोदी ने कहा कि उमा सुचदेवा (90) के साथ उनकी यादगार बातचीत हुई। उनके पति कर्नल एचके सचदेवा (सेवानिवृत्त) सम्मानित पूर्व सैनिक थे। वे बहुत ही जोश और आशावाद की भावना से परिपूर्ण थीं। उनके चेहरे पर गर्व की भावना साफ दिखाई दे रही थी। उनके साथ उनके भतीजे और पूर्व सेना प्रमुख जनरल वेद प्रकाश मलिक (सेवानिवृत्त) भी थे। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा कि उमा जी ने मुझे उनके दिवंगत पति द्वारा लिखी गई 3 पुस्तकों की प्रतियां दीं। उनमें से दो गीता से जुड़ी हैं और तीसरी ब्लड एंड टियर्स शीर्षक से विभाजन और उसका कर्नल (सेवानिवृत्त) के जीवन पर प्रभाव पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमने भारत के 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने के फैसले पर चर्चा की। यह दिन विभाजन के कारण पीड़ित लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। वे मानव लचीलापन और धैर्य का प्रतीक हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने 2021 में घोषणा की थी कि 14 अगस्त को विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

## झांसी में सेना के फायरिंग रेंज में हादसा, गोला भरते वक्त फटा बैरल; दो सैनिकों की मौत, तीन घायल



यूपी के झांसी के बबीना फील्ड फायरिंग रेंज में बड़ा हादसा हो गया है। गुरुवार रात दैनिक अभ्यास के दौरान सेना की टी-90 तोप की बैरल फटने से दो जवान शहीद हो गए जबकि ड्राइवर समेत तीन जवान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गोला दागते समय यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि 2001 में भारतीय सेना के बेड़े में शामिल हुए टी-90 टैंक की गुरुवार रात दैनिक अभ्यास के दौरान बैरल फट गई। हादसे के समय संतकबीर नगर के रहने वाले प्रदीप सिंह यादव टी-90 के अंदर सवार थे और नायब सूबेदार सुमेर सिंह बगरिया और सुकांता मंडल अभ्यास सत्र को लीड कर रहे थे। दो अन्य जवान तोप में गोले भर रहे थे तभी गोला दागते समय तेज धमाके के साथ उसकी बैरल फट गई। हादसे के दौरान सुमेर सिंह और सुकांता शहीद हो गए जबकि ड्राइवर प्रदीप सिंह और दो अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को सेना पुलिस ने बबीना स्थित आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### भारत के पास दो हजार से ज्यादा टी-90 टैंक हैं

देश की सुरक्षा के लिहाज से साल 2001 में भारत ने रूस से 310 ञ्ज-90 टैंक के लिए एक सौदा किया। इनमें से 124 टैंकों को रूस ने बनाकर दिया था

और बाकि बचे टैंक को भारत में असेंबल किया गया था जिन्हें भीष्म नाम दिया गया। अभी भारत के पास करीब 2000 से ज्यादा ञ्ज-90 टैंक मौजूद हैं। 60 किलोमीटर की स्पीड से चलने वाला ये टैंक 125 मिलिमीटर स्मूथबोर गन से लैस है और इसकी ऑपरेशनल रेंज करीब 550 किलोमीटर तक है।

## कलाम ए पाक लिखकर बेटी ने नाम रोशन किया





मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश जनपद मुरादाबाद के भटावली जुमे के बाद मुफ़्ती सुल्तान साहब के घर उस समय सभी गांव वाले इकट्ठा होकर उनकी बेटी ने 3 साल कि कड़ी मेहनत के बाद तहज्जुद की नमाज़ पढ़कर क़ुरआन ए करीम लिखा है साथी सभी गांव वालों ने मुबारकबाद पेश कर रहे हैं

ताज्जुब की नमाज के बाद रोज देखा करती थी यह भी सच है कि उनके मम्मी पापा ने आशिक 3 साल तक कोई भी काम नहीं कराया है आप इस कलाम ए पाक की मेहनत से अपनी मेहनत बरकरार रखिए आपको बता दें पूरे मोहल्ले के लोग खुशी से झूम उठे हैं गांव का हर आदमी छोटा बड़ा इस बच्ची को देखने आ रहा है फातमा की उमर 17 साल की है इतनी कम उम्र में इतना बड़ा काम कर दिखाया है फातिमा के उस्ताद सदाकत अली ने कहा था फातिमा से की आप कलाम ए पाक लिखें हादसे 15 घंटे रोजाना लिखा कर दी थी

## CM योगी का फैसला, यूपी में खुलेंगी भ्रष्टाचार निवारण संगठन की आठ नई यूनिट .



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन (एसीओ) की आठ नई यूनिट खोलने का फैसला किया गया है। अभी तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर प्रदेश में कुल 11 यूनिट कार्यरत है। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने लोक कल्याण संकल्प पत्र में एसीओ का दायरा बढ़ाने की घोषणा की थी। इसके तहत उत्तर प्रदेश में ये नई यूनिटें स्थापित की जा रही हैं, जो सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने में सहायक साबित होंगी। सरकार जिन नए क्षेत्रों में नई यूनिटें खोलने जा रही है उनमें आजमगढ़, मिर्जापुर, चित्रूकट, प्रयागराज, देवीपाटन, बस्ती, अलीगढ़ और सहारनपुर शामिल हैं। इसके लिए डीजी एसीओ नासिर कमाल की तरफ से शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। मंजूरी मिलते ही इन जिलों में एएसपी के नेतृत्व में यूनिटें खोली जाएंगी। इनमें से चार जगहों पर ऑफिस के लिए भवन भी चिह्नित कर लिए गए हैं।11 यूनिटें पूर्वी क्षेत्र में गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, कानपुर आगरा और झांसी तथा पश्चिमी क्षेत्र में मेरठ, बरेली, मुरादाबाद लखनऊ और एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन मुख्यालय में हैं।

# डीएम ने किया ऐलीपरसौली बंधा का निरीक्षण

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
गोण्डा- जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल



कुमार ने तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम ऐलीपरसौली बंधा का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से बाढ़ से होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, एक्सईएन बाढ़ खंड विश्वनाथ शुक्ला, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, एसओ उमरीबेगमगंज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।माधवपुर में डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण व चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्यायें जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने विकासखंड बेलसर के अंतर्गत ग्राम माधवपुर में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किये, तथा चौपाल लगाकर ग्रामीणों के समस्याओं को सुनाकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। चौपाल सुनवाई के दौरान ग्रामीणों के द्वारा रास्ता की समस्या की बताया गया। जिस पर डीएम ने तत्काल लेखपाल को रास्ता की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, एक्सईएन जल निगम, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, खंड विकास अधिकारी बेलसर, ग्राम पंचायत सचिव माधवपुर, लेखपाल माधवपुर सहित कार्यदाई संस्था के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उप निरीक्षक नीरज ओझा व मीनू सिंह ने कसा शिकंजा दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- सी पी ए सतीश गणेश के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत का सिगरा थाना के दो होनहार दरोगा नीरज कुमार ओझा व मीनू सिंह ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को मुखबिर के खास सूचना पर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया।

## अयोध्या आई हॉस्पिटल की तरफ से दस अक्टूबर को नि:शुल्क कैम्प का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

धानेपुर, गोंडा - देवी पाटन मण्डल का माना जाना अयोध्या आई हॉस्पिटल की तरफ से आँख के मरीजों के लिए नि:शुल्क कैम्प का आयोजन दस अक्टूबर को किया जाएगा। इस कैम्प में आई हॉस्पिटल की तरफ से नेत्र परीक्षण, मोतियाबिंद का आपरेशन, लेंस प्रत्यारोपण नि:शुल्क किया जाएगा। जिन मरीजों को आपरेशन होना होगा उन्हें हॉस्पिटल तक आने जाने व रहने की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जायेगी। इस कैम्प के आयोजक विंदेश्वरी पाण्डेय व प्रदीप शुक्ला ने बताया है की ग्रामीण क्षेत्र के अत्यन्त गरीब वर्ग के लोगों अयोध्या आई हॉस्पिटल की तरफ से सारी सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं। जिन्हें आँख सम्बन्धी कोई समस्या हो, आपरेशन करना हो जैसी कोई भी समस्या हो वे पहचान पत्र के साथ कैम्प में आ सकते है। आयोजकों ने यह जानकारी भी दी है की जिला अन्धता निवारण समिति की तरफ से सभी सुविधाएं नि:शुल्क प्रदान कराई जाएंगी ।।

## हत्या और हत्या के प्रयास दो अलग-अलग मामलों में जमालपुर पुलिस ने 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- इंस्पेक्टर मनोज ने कसा शिकंजा ,पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के पर्यवेक्षण में इंस्पेक्टर जमालपुर मनोज कुमार ने अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत नकेल कसते हुए 2 अलग अलग मामलों में कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।जहा पहले मामले में हत्या का प्रयास करने के आरोप में दो अभियुक्त शंकर पुत्र भूलना राकेश पुत्र सूरज को गिरफ्तार किया।तो वही वहीं दूसरे मामले में हत्या और हत्या की साजिश करने के आरोप में रविंद्र प्रसाद पुत्र रामलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा इस संदर्भ में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों धरपकड़ व रोकथाम के लिए लगातार हमारे द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है किसी भी विशेष परिस्थिति में आप 112 नंबर डायल कर कर पुलिस का सहायता ले सकते हैं।

## दो माह से वेतन न मिलने पर संविदा विद्युत कर्मियों ने किया बिधुत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- संविदा कर्मचारियों ने वेतन एवं ईपीएफ न मिलने के कारण विद्युत केंद्र पर धरना प्रदर्शन किया,गुरुवार को खुटार क्षेत्र के विद्युत उप केंद्र पर दर्जनों की संख्या में संविदा विद्युत कर्मचारियों ने दो माह से लंबित वेतन एवं ईपीएफ न मिलने की समस्या को लेकर विद्युत संविदा मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया,तहसील अध्यक्ष सतीश कुमार ने बताया कि जब तक संविदा कर्मचारियों का बकाया लंबित वेतन एवं ईपीएफ का पैसा संविदा कर्मचारियों के खाते में जमा नही होगा तब तक हम सब संविदा कर्मचारी कार्य बहिष्कार करते रहेंगे,और इस दौरान जो भी प्रिय अप्रिय घटना घटेगी तो उसकी सारी जिम्मेदारी ओरियन सिक्योरिटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ की होगी,इस मौके पर संविदा कर्मचारी विमलेश कुमार,संदीप कुमार, राम,रहीस,गौरव विश्वजीत विक्रम सिंह,अनुज,प्रवीण कुमार,सहित कई संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## साइबर अपराध को रोकने के लिए एडीसीपी ममता रानी ने किया अपील



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-वर्तमान समय मे जिस प्रकार से साइबर अपराध बढ़ा है उसको देखते हुए एडीसीपी महिला अपराध ममता रानी चौधरी ने आमजनमानस को जागरूक करते हुए अपील किया सबसे पहले तो यह समझ लें कि ओटीपी तभी आपके मोबाइल पर आता है,जब हम किसी लेनदेन या वेरिफिकेशन के लिए रिक्वेस्ट करते हैं।अगर आप कोई लेनदेन नहीं कर रहे हैं फिर भी आपके मोबाइल पर ओटीपी आ जाए तो सतर्क हो जाएं।किसी भी अंजान व्यक्ति के द्वारा पेमेंट भुगतान/प्राप्त करने के लिए भेजे गये किसी भी त्तक्रष्टश्वस्त्रद्ग को स्कैन न करें अन्यथा आपका खाता खाली हो सकता है।क्रेडिट कार्ड के प्रयोग से बचें।आपसे बैंकिंग सम्बंधित कागज, फोटो, पैनकार्ड, आधारकार्ड लेकर तत्काल लोन दे रहे हैं एवं बाद में आपकी निजी जानकारियां सार्वजनिक पोर्टल पर शेयर कर आपको ब्लैकमेल कर सकते हैं।इसलिए ऐसे लोन लेने से बचें।लॉटरी,केबीसी, आवास दिलाने के नाम पर जनता को गुमराह कर उनसे बैंक सम्बन्धित जानकारी के नाम पर आधार कार्ड,पैनकार्ड,फोटो लेकर ठगी की जा रही है।किसी भी प्रकार के लालच में आकर किसी को पैसे न दें।किसी भी प्रकार की बैंकिंग सहायता के लिए गूगल द्वारा मिले नंबरों पर सम्पर्क न करें,बैंक द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नंबरों पर ही संपर्क करें।आगे एडीसीपी ममता रानी ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर अपराध से सम्बंधित सहायता के लिए 1930 पर कॉल करे ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सीएम ने सौंपी घर की चाबी,कनेक्शन को चक्कर काट रहे आवंटी

मुरादाबाद-लाकड़ी फाजलपुर प्रधानमंत्री आवास के हैंडओवर में विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों के पत्र ने रुकावट डाल दी है। विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों ने कहा कि जब तक एमडीए प्रधानमंत्री आवास के इलेक्ट्रिफिकेशन के लिए सुरक्षा सर्टिफिकेट नहीं लेगा,तब तक हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी। इस मामले में एमडीए के जेई ने बिजली विभाग को एक दो दिन में सर्टिफिकेट देने की बात कही है,एमडीए के आश्वासन पर बिजली अफसरों ने कनेक्शन की प्रक्रिया को शुरू करवा दिया है,उन्होंने कहा कि सर्टिफिकेट जमा होते ही मीटर लगवा दिए जाएंगे। लाकड़ी फाजलपुर में बने प्रधानमंत्रीआवास की सप्लाई नगर वन बिजली घर से करने के लिए बिजली विभाग और एमडीए के बीच कागजी कार्रवाई शुरू हुई,काफी अभिलेख एमडीए ने बिजली विभाग को उपलब्ध भी करा दिए। पिछले सप्ताह हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी होनी थी कि इसी बीच




विद्युत सुरक्षा निगम की ओर से आए पत्र के बाद हैंडओवर के काम रुक गया। विद्युत सुरक्षा निगम अफसरों की ओर से एमडीए को भेजे पत्र में हैंडओवर से पहले विद्युत सुरक्षा निगम से सर्टिफिकेट को अनिवार्य बताते हुए तत्काल इसकी औपचारिकता पूरी कराने को कहा। प्रधानमंत्री आवास की बिजली व्यवस्था शुरू करने को एमडीए से अभिलेख हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही थी इसी बीच विद्युत सुरक्षा निगम के आए पत्र की वजह से काम को रोका गया। एमडीए को विद्युत सुरक्षा निगम से सुरक्षा सर्टिफिकेट लेने के बाद ही फाइनल हैंडओवर हो पाएगा। एमडीए जेई ने आश्वस्त किया है कि एक दो दिन में सर्टिफिकेट दे दिया जाएगा,ऐसे में कनेक्शन को इंतजार कर रहे दस आवंटियों के आवेदन की प्रक्रिया को शुरू करा दिया गया है,जिससे सर्टिफिकेट मिलते हीआवंटियों के कनेक्शन लगवा दिए जाएंगे।-प्रमोद गोगनिया,अधिशासी अभियंता प्रथम

# पूर्व सांसद चौधरी विजेंद्र सिंह एवं विरोधी दलों के नेताओं की गंदी राजनीति को जनता जान चुकी है ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि पूर्व सांसद चौधरी बिजेंद्र सिंह अपनी जुबान पर काबू रखें आए दिन विधायकों एवं सांसदों के खिलाफ बोलते हैं उसका कोई औचित्य नहीं है पूर्व सांसद जनता में अपना जनाधार खो चुके हैं सांसद विधायक बनने का ख्वाब छोड़ दे जो नेता जनता में किसानों में क्षेत्र में अपना जनाधार खो चुका हो वह जनहित की बात करें अजीब सा लगता है जनता ने उनको सांसद का मौका दिया था जिता कर लोकसभा में भेजा था लेकिन क्षेत्र के किसानों के लिए जनता के लिए उन्होंने अपने कार्यकाल में कुछ भी नहीं किया जब से अब तक चुनाव लड़ते आ रहे हैं और चुनाव हारते जा रहे हैं अपना जनाधार बना नहीं पाए भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है इस सरकार में किसान एवं युवाओं को मजदूरों को हर वर्ग के व्यक्तियों को हर समाज को सम्मान मिला है कांग्रेश बसपा अन्य सभी पार्टियां पूरी तरह से यूपी में अपना जनाधार खो चुकी है कांग्रेस बसपा जीरो गई है यूपी में भाजपा हीरो गई है ते हैं इस राजनीति को एवं विरोधी दलों की इस राजनीति को देश की जनता प्रदेश की जनता जान चुकी है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पूर्व सांसद चौधरी विजेंद्र सिंह बताए उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों के लिए युवाओं के लिए क्षेत्र की जनता के लिए क्या किया है गिन करके बताएं विरोधी दलों की गंदी राजनीति को जनता जान चुकी है इसलिए जनता ने इनको एक सिरे से नकार दिया है खारिज कर दिया

# प्रदेश के अध्यक्ष/राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - डा0 रघुराज सिंह, मा0 अध्यक्ष/राज्यमन्त्री श्रम एवं सेवायोजन की अध्यक्षता में सर्किट हाउस मुरादाबाद में मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद के अन्तर्गत आवर्त जनपदों के कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ सेस के संबंध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में श्री पी0 के0 सिंह, उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा सर्वप्रथम भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 की व्यवस्थाओं का परिचय देते हुए अवगत कराया गया कि मुरादाबाद मण्डल के अन्तर्गत प्रारम्भ से अब तक कुल 1400331 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है जिनके सापेक्ष 1110164 श्रमिक नवीनीकृत है । उक्त के क्रम में ही मुरादाबाद मण्डल में प्रारम्भ से अब तक कुल 12692 ( कार्यदायी संस्थाओं एवं निजी भवन स्वामियों ) द्वारा अधिष्ठान पंजीयन कराया गया है । इसी क्रम में उप श्रम आयुक्त द्वारा मण्डल में प्राप्त अब तक उपकर संग्रह के विषय में बताते हुए अवगत कराया गया कि प्रारम्भ से अब तक 2,29,49,29,789/- की धनराशि उपकर के रूप में जमा करायी गयी है। बैठक में उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद द्वारा मा0 अध्यक्ष/राज्यमंत्री जी से अनुरोध किया गया कि वे बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को सेस जमा किये जाने



के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें, जिसके क्रम में अध्यक्ष/राज्यमंत्री द्वारा सर्वप्रथम उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद को निर्देशित किया गया कि आज की बैठक में जो भी अधिकारी अनुपस्थित है उन्हें कारण बताओं नोटिस निर्गत करते हुए उनसे अनुपस्थिति का कारण पूछा जायें एवं कारण संतोषजनक न होने पर उन्हें अवगत कराया जायें । बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में सभी कार्यदायी संस्थाओं को अपने यहाँ चल रहें सभी निर्माण कार्यो के सापेक्ष 01 प्रतिशत उपकर की धनराशि प्रत्येक दशा में जमा करनी है और जो कार्यदायी संस्था अपने निर्माण कार्यो के सापेक्ष उपकर की धनराशि जमा नहीं करती है तो ऐसे अधिकारियों के विभागों के विभागाध्यक्ष से प्रथम माह में उनके वेतन से कटौती की जायेगी तथा द्वितीय माह में ब्याज की धनराशि ली जायेगी तथा तृतीय माह में उन्हें निलम्बित किये जाने की अनुशंसा शासन को कर दी जायेगी, अतः उक्त स्थितियों से बचने के लिए प्रत्येक कार्यदायी संस्था स्वयं अपने निर्माण लागत का 01 प्रतिषत उपकर अनिवार्य रूप से जमा करें तथा इसकी लिखित सूचना उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद के कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। बैठक में मा0 अध्यक्ष/राज्यमंत्री द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि वर्तमान में उपकर जमा किये जाने हेतु विभागीय लाग इन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्रदान किये गये है अतः समस्त कार्यदायी संस्थायें उपकर जमा करने के उपरान्त इसकी फीडिंग भी पोटर्ल पर आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें, बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से विभागीय लाग-इन आई0डी0 एवं पासवर्ड के संबंध में जानकारी की गयी जिस पर आधे से ज्यादा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अभी तक लाग-इन आई0डी0 एवं पासवर्ड नहीं लिया गया है, जिस पर अध्यक्ष द्वारा उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद को निर्देशित किया गया कि ऐसे सभी विभाग जिनका लाग-इन आई0डी0 एवं पासवर्ड जारी नहीं हुआ है उन्हें तत्काल उपलब्ध करा दें। बैठक में अध्यक्ष द्वारा उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की अच्छी शिक्षा हेतु जनपद मुरादाबाद के तहसील बिलारी के ग्राम पीपली में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यायल के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश के 18 जनपदों में मा0 मुख्यमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट में अटल आवासीय विद्यालय सम्मिलित है जिसके संदर्भ में सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि उन्हें इसके संबंध में जानकारी नहीं है मुख्य अभियन्ता से जानकारी कर इस संबंध में अवगत करायेंगे, जिस पर मा0 अध्यक्ष द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया कि बैठक समाप्ति के उपरान्त इस संबंध में विस्तार से अवगत करायें। बैठक में मा0 अध्यक्ष द्वारा उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देषित किया गया कि सभी कार्यदायी संस्थायें अपने यहाँ नियोजित समस्त श्रमिकों का पंजीकरण कराये जिससे कि उन्हें बोर्ड द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का हितलाभ प्राप्त हो सकें। उक्त के क्रम में ही मा0 अध्यक्ष द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों कर-कमलों से 10 लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए सम्मानित किया गया। बैठक में श्री राजपाल सिंह चैहान, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, मुरादाबाद, श्री पी0 के0 सिंह, उप श्रम आयुक्त, मुरादाबाद क्षेत्र, श्रीमती नम्रता सिंह, सहायक श्रमायुक्त, रामपुर एवं अन्य जनपदों के विभागीय अधिकारियो सहित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
सम्पादकीय/विविध
www.knlslive.com
08 October 2022


## संपादकीय Editorial

# Shame on humanity

A shooting at a child care home in Thailand has shaken the whole of humanity. According to preliminary information, one of the killers killed himself after killing 33 people including 23 children. Why the killer carried out this incident, it is still not disclosed, but this mentality of violence, what else can be called except madness with deep sadness? What was wrong with the innocent children living in that child care center? What was the fault of their parents, who left the children in that child care home and went to work? Who was this killer? Why did he commit the indiscriminate slaughter before committing suicide? It is learned that the person who opened fire was a former policeman and also attacked innocent children with a knife. There is an atmosphere of sadness and mourning in Thailand. People are remembering that in Thailand earlier in 2020, a soldier gunned down 21 people in Nakhon Ratchasima City. Better discipline is expected from both the first soldier and now the former policeman, but these incidents have turned the whole thinking of the people upside down. So angry that the killer didn't even spare his wife and child? If this did not satisfy his mind, then he shot himself too. If Thailand's police want to get to the bottom of this matter, then it is also justified. It is very important to understand such cruelty. This cop was dismissed from service for drug abuse, was it unfair to this cop himself? Police should investigate from every angle and reach a conclusion. There is no doubt that there is more or less corruption in most police forces around the world today. Policemen work under a lot of pressure, but that does not mean that someone comes out on the street to take revenge. Those who want to take revenge for their suffering or lack from the whole society, what is going on in their mind and why? Such people are especially becoming a cause for concern, who are unable to see the happiness of others. Such people are also increasing, who get satisfaction by hurting others. Contemporary leaders should think about what is happening to humanity in the society, instead of spending it in everyday politics. Somewhere in India, four daily wage laborers are killed while cleaning a septic tank, and somewhere a rape victim, frustrated with the police, commits suicide. The increase in negligence, apathy and inhumanity at every level is shaking the entire human society. In today's time, the message of justice and law must reach those people who have an evil intention to kill someone by taking up a gun or any other weapon. What was the message that the killer of Thailand wanted to give by killing innocent people? What message do the policemen give to the society by ignoring the voice of a victim? If the world is changing rapidly, then we also have to think in time. A society that cares for each other, supports each other will have to be created in the country and the world. We will be able to do this better when we come out of false wars and imposed recessions.

# Deepika Padukone vowed not to return to Hollywood, this foreign actor was pricked

Deepika Padukone On Facing Racism In Hollywood: Bollywood actress Deepika Padukone is not only known for her acting but also for her beauty. She has worked hard to reach where she is today. Deepika has given many superhit films in her career. Deepika plays her every role in such a way that it seems that this character was made just for her. Apart from her professional life, Deepika is also very much in discussion about her personal life. Fans are also eager to know everything related to the actress. At the same time, now Deepika has made a surprising disclosure about the Hollywood film industry. The actress has raised her voice against the racial stereotypes happening in Hollywood for Indians. Deepika shares her own experience regarding Racial Stereotypes. Deepika made a big disclosure about Hollywood – Deepika Padukone made her Hollywood debut opposite actor Vin Diesel in the year 2017. After this film, Deepika became very much discussed. In Hollywood, Deepika showed her strong acting skills and joined the list of global actresses. Recently, during an interview, Deepika has boldly shared her experience regarding the racial stereotype of Hollywood. Told how they treat artists from outside countries and how they look at them. Said this thing in the interview- Deepika disclosed Hollywood's racial stereotype in the interview and said, 'Whenever she goes to the US, Then they get to hear such a thing, after which they become very sad. He also revealed the big reason behind not doing a Hollywood film. She says, 'After doing Hollywood's XXX: Return of Xander Cage, I never looked back on him. There is an actor of my identity whom I met at the Vanity Fair party. At that time he told me that you speak very good English. Hearing this, I felt a little strange and did not understand the meaning of this. And when I asked her what does it mean that I speak English very well?' Deepika said that was there such a thought in her mind that we do not speak English? After this, Deepika is being trolled a lot.



# People used to call Abdu Rojik as garbage, said something on life that he robbed the gathering

Bigg Boss 16 contestants are winning hearts of people both inside and outside the house. The viewers of the show are considering him as the most entertaining contestant. His wickedness is also entertaining the hearts of the contestants. Abdu has previously told the story of his struggle to Sajid Khan and MC Stan. In the latest episode, he gives MC Stan a big lesson about life. He told how much he is trolled on social media and people have even called him garbage. Although he always thinks of moving forward by learning from these things. MC Stan said, wants to leave Bigg Boss - MC Stan is feeling himself alone on the Big Boss show and the atmosphere of the house is not pleasing to him. He has even started talking about leaving the show. Meanwhile, sitting with Abdu Rojic, MC Stan said that he wants to leave the Bigg Boss house. MC said that he does not need name and money. Abdu said, there are sorrows in life too – on this Abdu explained to him that you cannot always be like a superstar in life. It is not necessary that there will always be helpers around them at work. Abdu said that outside he is a celebrity but inside the house everyone is equal. Here everyone has to work, clean, and many things will be learned from this. Abdu told that when he sees his Instagram, he sees a lot of negative comments in it. People even call them garbage. Abdu says that life cannot always be happy, it also has sadness. He says that he is at Bigg Boss house because there are many things to learn.



# रिमझिम बारिश के बीच 65वां जनपदीय युवा समारोह हुआ शुरू

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में 65वें जनपदीय युवा समारोह का डीएम अंकित अग्रवाल व डीआईओएस मिथलेश कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलन करग् गुरुवार को गोविंद बल्लभ पंत स्टेडियम में 65वें जनपदीय युवा समारोह का डीएम अंकित अग्रवाल व डीआईओएस मिथलेश कुमार ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलन कर किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। उसके बाद अंड-14,1 7 बालक-बालिका वर्ग की दौड़ व गोला फेंक प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन समारोह में डीएम ने कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें। जनपद से कई बच्चों का राज्य स्तर पर चयन हो चुका है। उद्घाटन के बाद खेल प्रतियोगिताओं का प्रारंभ बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ हीट को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया। अंडर-19 बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में दुष्यंत सिंह नगला गड़ा प्रथम, मनोज कुमार बतौली द्वितीय, अभिषेक डीएवी इंटर कॉलेज अलीगंज तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 19 बालक वर्ग चक्का फेंक में राशिद खां कुंवर मनोहर सिंह इंटर कॉलेज एटा प्रथम, अदनान जनता इंटर कॉलेज अवागढ़ द्वितीय तथा हिमांशु सर्वोदय इंटर कॉलेज एटा तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 17 बालक वर्ग 400 मीटर में अभय सिंह पुरांव प्रथम, सुजीत यादव राजा का रामपुर द्वितीय तथा अर्चित कुमार गांधी स्मारक इंटर कॉलेज एटा तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग गोला फेंक में शिवांगी पुरांव प्रथम, शोभा जीजीआईसी लालगढ़ी द्वितीय तथा वर्षा राजा का रामपुर तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान विधायक सदर विपिन वर्मा डेविड, प्रबंधक डा. नवीन सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह, मनोज कुमार सक्सेना सह जिला विद्यालय निरीक्षक, बदन सिंह, पीटीआई संतोष यादव, विजय वर्मा, विशांत कुलश्रेष्ठ, अरुणकांत, मोनिका, ललित नॉक्स, क्षेत्रपाल सिंह, राकेश यादव, ओमेन्द्र यादव, डा. अर्चना चरण, नीरजा यादव, कमलेश कुमारी, संध्या गौतम सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। समारोह का संचालन रजनीश यादव ने किया। संयोजक दिनेश प्रताप सिंह प्रधानाचार्य अविनाशी सहाय आर्य इंटर कॉलेज एटा ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# एटा टॉपर होने से दो कदम पीछे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जी सही सुन पढ़ रहें है!पूरे प्रदेश में जनपद नें कब्ज़ा रहित सरकारी भूमि का प्रदेश सरकार से तमगा पहना था। शासन की मंशा अनुसार काम नहीं करने पर एटा इस समय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में उत्तर प्रदेश में 73 वें नंबर पर पहुंच गया है। जी सही पढ़ा आपने! प्रदेश के 75 जिलों को क्रॉस करने में सिर्फ दो कदम पीछे खड़ा है जनपद एटा-लेकिन वज़ह समझ लीजिये- जनपद एटा में तीन तहसील है.1- एटा सदर 2-जलेसर 3-अलीगंज। सदर तहसील के कामों का आंकलन किया जाये तो एटा सदर इस योजना में दूसरे नंबर पर है जों करीब 79% काम ही कर सका है वही जलेसर नें भी करीब 82त्न काम कर जिले की साख को बचाये रखा है। परंतु तहसील अलीगंज में सिर्फ इस योजना पर 57त्न काम होने की वज़ह से जनपद एटा को पूरे प्रदेश में 73 वें नंबर का मुँह देखना पड़ रहा है। तहसील अलीगंज के काम भी देख लीजिये तहसील अलीगंज कुल मिला कर सिर्फ 4 से 5 घंटे ही खुलती है और काम होते है। वो कैसे समझ लीजिये. जनपद एटा में रहने वाले लेखपाल कानूनगो जों इस योजना के सूत्रधार है वही तहसील अलीगंज परिसर में 12 बजे पहुंच पाते है। क्योंकि मुख्यालय से 10–30 से चलते है और 12 बजे करीब पहुंचना होता है। कैसे होगा काम समझ सकतें है अलीगंज तहसील नें कराई शासन में किरकिरी 57% किसान सम्मान निधि योजना में काम होने से शासन नें जिले के आलाधिकारियो की जमकर क्लास ली। जबकि चार माह पूर्व शासन नें सरकारी भूमियों से अवैध कब्जे हटाने पर जनपद एटा को शाबाशी भी दीं थी।

अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या अलीगंज में अधिक एक स्ठरू एक तहसीलदार, एक नायाब तहसीलदार, के साथ-साथ लेखपाल की संख्या 25 व लेखपाल क्षेत्र 71 वर्तमान में मौजूद है। जबकि जलेसर में लेखपाल 19 व क्षेत्र लेखपाल 51, सदर तहसील में लेखपाल 88 व लेखपाल क्षेत्र 123 है। सदर एटा व जलेसर तहसील में इस समय नायाब तहसीलदार का पद रिक्त चल रहा है। इस गणित में अलीगंज तहसील सबसे छोटी तहसील है।वही काम nil / सन्नाटा है। किसान सम्मान निधि में कृषि विभाग का दोष और बन्दर बाँट पर आगामी समय में सबूतों के साथ लेख पढ़ने को मिलेगा जल्द*


# पिता पुत्री की नृशंस हत्या से क्षेत्र में फैली सनसनी मचा हड़कंप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिले में पिता पुत्री की नृशंस हत्या से क्षेत्र में फैली सनसनी मचा हड़कंप। गांव के ही नामजद आरोपी ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर कर डाली पिता पुत्री की हत्या। मृतक की पत्नी पर भी किया लोहे की रॉड से वार, जिसके बाद महिला की हालत गंभीर, की गई हायर सेंटर रेफर। जनपद के थाना जसरथपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला बलू का मामला। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, एएसपी क्राइम विनोद कुमार पांडे और सीओ अलीगंज विक्रांत द्विवेदी। डीआईजी अलीगढ़ रेंज दीपक कुमार भी पहुंचे घटनास्थल पर, आरोपी को लिया गया पुलिस हिरासत में

# पैथोलॉजी में कागज नहीं, हाथ से पर्चे पर लिखी जा रही है



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मेडिकल कॉलेज में स्थित पैथोलॉजी लैब में मशीन से प्रिंट देने के लिए कागज नहीं है। ऐसे में लैब कर्मचारी हाथ से ही पर्चे पर रिपोर्ट लिखकर दे रहे है। इसको लेकर बृहस्पतिवार को मरीज भड़क गए और रोष जताया। बाद में अधिकारियों को सूचना दी गई, जिन्होंने आश्वासन देकर मरीजों को शांत किया। वीरांगना अवंतीबाई लोधी स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में स्थित पैथोलॉजी लैब में 15 दिन से अधिक समय से पर्चे पर ही हाथ से लिखकर रिपोर्ट दी जा रही हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों को लगातार बताया जा रहा है, इसके बाद भी प्रिंट निकालने के लिए कागज की व्यवस्था नहीं हो सकी है। बृहस्पतिवार को भी हाथ से ही रिपोर्ट लिखकर दी जा रही थीं, तभी मरीज भड़क गए और कर्मचारियों के सामने रोष जताने लगे। हालांकि कर्मचारियों का कहना है कि उच्चाधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है। एक कर्मचारी ने बताया कि सीबीसी जांच में ही 22 पैरामीटर हैं। इसी तरह बायोकेमिस्ट्री व अन्य जांचों में काफी पैरामीटर शामिल हैं। इनको पर्चे पर लिखने में पांच मिनट से ज्यादा का समय लग जाता है। ऐसे में सारे पैरामीटर नहीं लिख सकते। कुछ ही बिंदुओं को लिख दिया जाता है। इससे मरीज संतुष्ट नहीं हैं और चिकित्सक भी मरीजों से ही उल्टा सवाल जवाब करते हैं। इसलिए मरीजों की परेशानी बढ़ी हुई है। एक निजी संस्था को पैथोलॉजी लैब की जिम्मेदारी दी गई है। उसकी तरफ से अव्यवस्थाएं की जा रही हैं। शासन को लिखा जाएगा। मामला कई दिनों से चल रहा है, लेकिन अब तक सुधार नहीं हुआ है, यह गंभीर बात है। - डॉ. विवेक पाराशर, मीडिया प्रभारी


# बेटे की हत्या में मां पर केस

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मां ?और अन्य लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगा है। चाचा ने भतीजे की मौत के मामले में अपनी भाभी सहित चार लोगों पर कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई मां ?और अन्य लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगा है। चाचा ने भतीजे की मौत के मामले में अपनी भाभी सहित चार लोगों पर कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अलीगंज के मोहल्ला लुहारी दरवाजा निवासी रनवीर ने बताया कि भाभी पूनम पत्नी सुखवीर मेन रोड के सामने हनुमंता जैथरा पर रहती हैं। उनके साथ बेटा राहुल भी रहता था। आरोप है कि 14 जुलाई को पूनम सहित चार लोगों ने राहुल की गला दबाकर हत्या की थी। हत्या के बाद शव को लटका दिया था। पुलिस कार्रवाई न होने पर रनवीर ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गैंगस्टर के मामले में जबाव नहीं पहुंचे जुगेन्द्र

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एक बार फिर से गैंगस्टर के मामले में पूर्व जिंप अध्यक्ष जुगेन्द्र सिंह यादव बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। दोपहर बारह बजे पुलिस उनके आने का इंतजार करती रही। गुरुवार को भी बयान दर्ज नहीं आए। बता दें कि कोतवाली नगर में दर्ज गैंगस्टर के मामले की जांच चल रही है। मामले में पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव जेल में बंद हैं। कोतवाली जलेसर पुलिस ने बयान दर्ज कराने के लिए छठवीं बार नोटिस देकर बुलाया था। गुरुवार को कोतवाली जलेसर में बयान दर्ज कराने के लिए आना था। गुरुवार को भी बयान दर्ज कराने नहीं आए। बताया जा रहा है कि उच्च न्यायालय में ग्यारह अक्तूबर को सुनवाई होनी है। एसएचओ जलेसर जगदीश चन्द्र ने बताया कि गैंगस्टर के मामले में कोर्ट ने स्टे दिया था। शर्त थी कि उन्हें पुलिस जांच में सहयोग करना था। नोटिस के बाद भी बयान दर्ज कराने नहीं पहुंचे। जिसके चलते विवेचना का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

# रिश्तेदार के झांसे में आकर चिटफंड कंपनी में महिला ने गवाएं 39 लाख रुपये

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाने में शिकायत कर रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की जानकारी के अनुसार सूरजपुर नगर से लगे ग्राम कृष्णपुर निवासी एक महिला ने अपने रिश्तेदार के झांसे में आकर चिटफंड कंपनी में 39लाख 3 हजार रुपए गवां दी। धोखाधड़ी का एहसास होने पर महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है। थाने में की गई शिकायत के अनुसार ग्राम कृष्णपुर निवासी 55 वर्षीय महिला बसंती बाई को पैतृक भूमि सूरजपुर नगर से लगे ग्राम पर्री में प्राप्त हुआ था जिसे महिला ने 2009-2010 में लगभग 45 लाख रुपये में बिक्री की थी। जमीन बिक्री के रुपयों को भारतीय स्टेट बैंक सूरजपुर अपने खाते में जमा करना चाहती थी परंतु रिश्तेदारों को पता चलने पर महिला के बहन का लड़का ग्राम गिरवरगंज निवासी टेमसाय राजवाड़े 2010 में महिला के घर आया और आई कोर ई




सर्विस लिमिटेड कंपनी में रुपए जमा करने के लिए दबाव बनाने लगा। महिला उसकी बात न मानकर भारतीय स्टेट बैंक सूरजपुर में अपने खाते में ही रुपए जमा करने की बात कहने लगी। रिश्तेदार होने के कारण टेमसाय राजवाड़े महिला के घर में प्रतिदिन आने लगा और आई कोर ई सर्विस लिमिटेड कंपनी के खाते में रुपए जमा कराने दबाव बनाने लगा तथा उसने भरोसा दिलाया कि उक्त कंपनी में अगर रुपए डूब जाता है तो वह अपनी हिस्से का खेत- बाड़ी बेचकर महिला की रुपए लौटा देगा, तब महिला उसकी झांसे में आ गई और 3-4 बार में टेमसाय राजवाड़े को 39 लाख 3 हजार रुपये आई कोर ई सर्विस लिमिटेड के खाते में जमा करने के लिए दे दी। टेमसाय राजवाड़े ने रुपए लेकर कंपनी के खाते में जमा करने के बाद कुल 9 नग कंपनी के हस्ताक्षर एवं सील युक्त बॉन्ड पेपर महिला के घर में जा कर दी। बॉन्ड पेपर के अवधि पूर्ण हो जाने पर महिला ने जब टेमसाय राजवाड़े के घर जाकर कंपनी से रुपए वापस दिला जाने की बात कही तो उसने कंपनी बंद हो जाने की जानकारी दी तथा उसने भरोसा दिलाया कि उसके पैसे बहुत जल्द वापस दिला देगा। कुछ दिनों बाद जब महिला को रुपए वापस नहीं मिले तो महिला को अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ तब महिला ने टेमसाय राजवाड़े के घर जाकर रुपये वापस दिलाये जाने की मांग करने लगी तो उसने गाली गलौज कर मारपीट करने की धमकी देकर महिला को घर से भगा दिया। महिला ने उक्त मामले की शिकायत सूरजपुर थाने में कर टेमसाय राजवाड़े एवं आई कोर ई सर्विस लिमिटेड कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा रुपए वापस दिलाये जाने की मांग की है।

# जिला प्रभारी ने मंगल भवन ओड़गी में मंडल के कार्यकताओं की ली बैठक



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- भटगांव विधानसभा के तीनों मंडल भैयाथान,ओड़गी, बिहारपुर,कार्य समिति की बैठक का मंगल भवन ओड़गी में आयोजन किया गया। बैठक को सं?बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजा पांडेय ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ता आपस में मिलकर कार्य करें और सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में मदद करें। बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बूथ को जिताना है। क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता इस लक्ष्य को लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कार्य करना है। अपने सम्बोधन में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि पार्टी एवं संगठन की मजबूती एकजुटता में है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को मजबूत करना होगा जिससे आने वाले समय में पार्टी किसी भी स्तर से कमजोर न हो ।मंच का संचालन महामंत्री प्रवीण गुर्जर के द्वारा किया गया।इस मौके पर प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े , विधानसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, लाल संतोष सिंह , रामू गोस्वामी, अनुप सिन्हा,भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी, भैयाथान भाजपा मंडल अध्यक्ष मार्तंड साहू, बिहारपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर वैश्य , बलराम सोनी अशोक सिंह, शशि भूषण सिंह, प्रदीप द्विवेदी, श्याम लाल गुर्जर, अशोक गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजीव प्रताप सिंह , लवकेश पैकरा, आशीष प्रताप सिंह, नीरज गुर्जर, विनीता यादव सभी पोलिंग बूथ के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे?।

# कालापानी नाम से मशहूर चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के गांवों की दयनीय हालत

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- कालापानी नाम से मशहूर चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के गांवों की दयनीय हालत है स्वास्थ सुविधा सडक को तरसते ग्रामीण बहुत ही परेशान लाचार है आज सुबह बैजनपाठ मे भालु के हमले से ग्रामीण लहुलुहान होकर गंभीर रुप से जख्मी हो गया,जिसे परिजनो ने खाट मे लेकर 5 किलोमीटर लेकर दुसरे गांव लाया जहा से उसे एम्बुलेंस से स्वास्थ







केन्द्र लाया गया जहा पर प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज रेफर किया गया. गौरतलब है कि बिहारपुर क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांव मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं पेयजल, बिजली, सडक स्वास्थ की सुविधा के लिये ग्रामीण तरस रहे है. गांव में बीमार पडने पर ग्रामीण पथरीले रास्तो को पार कर कई किमी का सफर तय करते है. बैजनपाठ के रहने वाले ग्रामीण बिहारी लाल पंडो अपना खेत की फसल देखने गया था उसी दौरान भालु ने हमला कर दिया, भालु से संघर्ष कर भाग कर घर पहुचे तब तक उसका एक हाथ टुट गंभीर रुप से घायल हो गया. परिजन सडक सुविधा नही रहने पर खाट पर लेटाकर 5 किलोमीटर चलकर दुसरे गांव ले गये जहा पर नवभारत संवाददाता पप्पु जायसवाल के पहल पर एम्बुलेंस वाहन से स्वास्थ केन्द्र बिहारपुर ले गये वहा प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्पताल लाया गया जहा पर उपचार की जा रही है उद्यान परिक्षेत्राधिकारी ने परिजनो तत्कालीक दो हजार की सहायता राशी प्रदान की गई. मालूम हो कि बिहारपुर क्षेत्र के लुल्ह, बैजनपाठ, रसोकी, भुंडा समेत लगभग 20 से अधिक गांव मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यहां न तो लोगों को पानी की व्यवस्था कराई गई है और न ही बिजली व सड़क की सुविधा है। राशन लेने के लिए भी ग्रामीणों को पथरीले रास्ते को पार कर कई किमी का सफर तय करना पड़ता है। इसके साथ ही ढोड़ी का पानी पीने को मजबूर हैं। कई स्कुल कागजो में संचालित है कभी पेड के नीचे स्कुल लग रहे तो कभी स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर ही खुलते हैं पूर्व कलेक्टर रणबीर शर्मा भी 17 सितंबर 2020 अपने दलबल के साथ पदयात्रा कर बैजनपाठ पहुचे थे.ग्रामीणों से मुलाकात हालात की जानकारी लेकर पंडोपारा में 2 हेण्डपम्प,1 आंगनबाड़ी भवन, सड़क व 3 पुलिया निर्माण के लिए गुरुघासीदास के अधिकारियों को मनरेगा के तहत तत्काल प्रस्ताव बना कर देने को कहा था।

### बनते के साथ टुटने लगी सडक

स्वास्थ मंत्री के पहल पर बैजनपाठ से खोहिर तक सडक पुल पुलिया का निर्माण का करोडो रुपये का प्रस्ताव पर बने सडक बनने के साथ जर्जर हो गये तो वही टुट कर बिखर गये ग्रामीण निर्माण एंजेसी गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र पर घटिया सामाग्री उपयोग किया गया था जिससे सडक बनने के साथ उखडने लगा था।

# डीजे डांस नहीं करने पर सनकी युवकों ने महिला से की मारपीट

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- थाना चांदनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खालबहरा में पंडाल में खाना बना रही महिला अमिता पण्डो को दो सनकी युवक कन्हैयालाल व बाबूलाल ने डीजे पर डांस करने को पकड़ कर ले जाने लगे महिला के विरोध करने पर मां बहन की बुरी बुरी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगे महिला की रिपोर्ट पर थाना चांदनी में धारा 294 506 323 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया उक्त नवयुवकों पर पूर्व में भी मारपीट के कईअपराध दर्ज है।

# गोंगपा ने किया थाने का घेराव...प्रभारी पर लगाये गंभीर आरोप

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने चाँदनी बिहरपुर थाने का घेराव करते हुए थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए हटाने की मांग की है नही हटाने पर उग्र आंदोलन प्रदर्शन करने को कहा है. आज बड़ी संख्या में गोंगपा के आह्वान पर आदिवासी पहुचे थे. ग्राम ठाड़पाथर से बिहारपुर तक रैली निकालकर थाना बिहारपुर चाँदनी पहुँची जहाँ पर थाने का घेराव कर थाना प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. मौके पर पहुचे तहसीलदार को ज्ञापन देकर प्रदर्शन को खत्म किया. गोंगपा के बैनर तले ग्रामीण पहुचे और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।